हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 चार वर्षीय बालिका की गला दबाकर हत्या, ससुर और बहू ...



09 सेवा संकल्प अभियान के तहत कलाकारों ने दिया देश सेवा और राष्ट्रप्रेम...



खबर संक्षेप

आज निकलेगा विशाल विमान महोत्सव समारोह

विदिशा। श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर ट्रस्ट द्वारा आज विमान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता डॉ. मक्खनलाल जैन ने बताया कि सुबह 11.30 बजे मुनि 108 निर्णय सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में मंदिर से चल समारोह निकलेगा। बजरिया, तिलक चौक, किरी मोहल्ला और माधवगंज होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगा। यहां कलशाभिषेक और मुनि संघ के प्रवचन होंगे।

अस्पताल में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर आज

विदिशा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला चिकित्सालय परिसर में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर लगाया जाएगा। सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित शिविर में पंजीयन निशुल्क रहेगा। हृदय रोग, मेडिसिन, नेत्र, हड्डी रोग, फिजियोथैरेपी और न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ बुजुर्गों की जांच कर परामर्श देंगे। शुगर, बीपी, थायराइड, हीमोग्लोबिन सहित लिवर-किडनी संबंधी आवश्यक जांचें निशुल्क होंगी। परामर्श के बाद दवाइयां भी मुफ्त दी जाएंगी। शिविर में आयुष्मान कार्ड से वंचित बुजुर्गों के कार्ड बनाने के लिए विशेष काउंटर भी रहेगा।

लेखक संघ की नई कार्यकारिणी गठित



विदिशा। मप्र लेखक संघ इकाई विदिशा की बैठक किरी मोहल्ला स्थित गोविंद देवलिया के निवास पर हुई। सर्वसम्मति से निवर्तमान अध्यक्ष पं. विजय चतुर्वेदी को जिला संयोजक तथा परमानंद मिश्रा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नंद कुमार तिवारी एवं शिव कुमार तिवारी को उपाध्यक्ष और पं. सुशील शर्मा 'सरल' को सचिव बनाया गया। बैठक में अधिक से अधिक नवीन आजीवन एवं वार्षिक सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। वरिष्ठ कवि एवं गीतकार स्व. जगदीश श्रीवास्तव की स्मृति में 7 अक्टूबर को मानव सेवा न्यास परिसर में काव्य संध्या आयोजित होगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसी



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

पुलिस ने वाटर कैनन से किया रोकने का प्रयास कांग्रेसियों ने भालू नचाकर तंज कसा, अर्थी जलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार दोपहर 2 बजे कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों को रोकने के लिए पुलिस ने 3 जगह बैरीकेट्टिंग की थी। कांग्रेसियों ने तीनों बैरीकेटिंग तोड़ दीं। नीमताल चौराहे पर कांग्रेसी धरने पर बैठे। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट के लिए निकले।

पुलिस ने गुलाब वाटिका के पास बैरीकेट्स लगाकर कांग्रेसियों को रोकने का प्रयास किया और वाटर कैनन से पानी छोड़ना शुरू कर दिया, लेकिन कांग्रेसी पीछे नहीं हटे उन्होंने वहीं तीन अर्थियां जलाईं। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों ने झड़प भी हुई। आक्रोशित कांग्रेसियों ने बैरीकेट्टिंग तोड़ दी ओर आगे बढ़ गए। इसके बाद पुलिस ने यातायात पुलिस चौकी के सामने फिर से बैरीकेट्टिंग कर दी। भारी संख्या में पुलिस जवान तैनात हो गए, यहां भी पुलिस कांग्रेसियों को नहीं रोक पाई और पूरे जिले से आए कांग्रेसी बैरीकेट्स तोड़कर फिर आगे बढ़ते चले गए।

3 जगह बैरिकेट्स तोड़े, वाटर कैनन के बाद पुलिस से झड़प



विदिशा। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष की पुलिस से हुई झूमाझटकी।



विदिशा। कांग्रेसियों को रोकने के लिए पुलिस ने किया वाटर कैनन का प्रयोग।

'लोकतंत्र के हत्यारों' की तख्तियां लगाई उल्टे ढपले बजवाकर जमकर की नारेबाजी

नीमताल पर धरने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारे लिखी तख्तियां लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर रवाना हुए। कार्यकर्ता सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। प्रदर्शन में सांकेतिक रूप से ज्ञानेश कुमार के नाम का भालू का मुखौटा पहनाकर उसके गले में जंजीर बांधी गई थी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह के मुखौटे लगाकर जंजीर पकड़ी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे चुनाव आयोग पर राजनीतिक दबाव का प्रतीक बताया। प्रदर्शन के दौरान तीन प्रतीकात्मक अर्थियां भी निकाली गईं। इन पर 'लोकतंत्र के हत्यारों' की तख्तियां लगाई गई थीं। कार्यकर्ता हांड़ियां और उल्टे ढपले लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। बैरिकेट्स तोड़ने के दौरान अर्थियों को आग के हवाले किया गया।



'पानी की बौछार' वाटर कैनन के बाद बढ़ा तनाव, भीगते ही उग्र हुए कांग्रेसी

जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने तीन स्थानों पर रोकने का प्रयास किया। पहले बैरिकेड को तोड़कर कार्यकर्ता आगे बढ़ गए। दूसरे बैरिकेड पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, जिससे कुछ देर अफरातफरी की स्थिति बनी। कार्यकर्ताओं के लगातार आगे बढ़ने के प्रयास के दौरान पुलिस से झड़प भी हुई। पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोककर स्थिति को नियंत्रित किया। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कमल सिलाकारी ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पक्षपात पूर्ण रवैये के चलते ततकाल इस्तीफे की मांग रखी। श्री सिलाकारी ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयोग ने लोकतंत्र की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा किया है। चुनाव आयोग की छबि को धूमिल किया है।



गांधी चौक से हुई प्रदर्शन की शुरूआत

प्रदर्शन की शुरुआत गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण और धरने से हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने धरने को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव आयोग की निष्पक्षता सर्वोपरि है। धरने को पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, पूर्व विधायक निशंक जैन, पान बाई, कमल सिलाकारी, रणधीर सिंह ठाकुर, महेंद्र वर्मा, सुभाष बोहत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, रानी अहिरवार और प्रियंका किरार सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। संचालन कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने किया। इस दौरान प्रहलाद सिंह रघुवंशी, विकास शर्मा, इंदर सिंह यादव, पंकज जैन, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, चैतन्य विक्रम सिंह, अजय दांतरे, रिंकी रघुवंशी, अर्पित उपाध्याय, शरद शर्मा, रमेश तिवारी, मजाज मोहम्मद, रूप सिंह किरार, जिनेश जैन, रामराज दांगी, आशीष माहेश्वरी, विनीत दांगी, अशद खान, नितेश राजा यादव, नितिन दुबे, कृष्णपाल यादव आदि मौजूद रहे।

मजदूरी करते समय ट्रैक्टर पलटा, 35 वर्षीय युवक की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गिरिराज कॉलोनी में मजदूरी करते समय ट्रैक्टर पलटने से उसकी चपेट में आए 35 वर्षीय मजदूर सोनू कुशवाह की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद गंभीर हालत में सोनू को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। सोनू कॉलोनी में मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर पलट गया और सोनू उसकी चपेट में आकर दब गया। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला और गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इलाज के दौरान सोनू ने दम तोड़ दिया। बुधवार को मेडिकल कॉलेज में शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ट्रैक्टर पलटने के कारणों की जांच कर रही है। सोनू की मौत से परिवार में उसकी दो छोटी बेटियां रह गई हैं।

भावांतर योजना में पंजीयन 3 से 17 तक

विदिशा। खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के तहत सोयाबीन फसल के पंजीयन की प्रक्रिया निर्धारित कर दी गई है। किसान 3 से 17 अक्टूबर तक ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन फसल का पंजीयन करा सकेंगे। पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर व्यवस्था की गई है। किसानों की सुविधा के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर निःशुल्क पंजीयन कराया जा सकेगा। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, सहकारी समितियों, सहकारी विपणन संस्थाओं, लोक सेवा केंद्र और निजी साइबर कैफे से भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सशुल्क केंद्रों पर पंजीयन के लिए अधिकतम 50 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। इन केंद्रों पर शुल्क और पंजीयन सुविधा की जानकारी का बैनर लगाना अनिवार्य होगा।

गुलाबगंज में सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला के लिए विधायक को सौंपा मांग पत्र

गुलाबगंज। अहिरवार समाज विकास संगठन समिति गुलाबगंज एवं रविदास समाज के पदाधिकारियों ने समाज के लिए सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला निर्माण की मांग को लेकर विदिशा विधायक मुकेश टंडन को मांग पत्र सौंपा। समाजजनों ने बताया कि सामाजिक, धार्मिक, पारिवारिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए समाज के पास कोई स्थायी भवन नहीं है। इसके कारण विवाह समारोह, बैठकों और अन्य आयोजनों में परेशानी होती है। समाजजनों ने गुलाबगंज क्षेत्र में धर्मशाला निर्माण के लिए आवश्यक स्वीकृति एवं सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की। उनका कहना है कि धर्मशाला बनने से गरीब और



जरूरतमंद परिवार भी अपने कार्यक्रम सम्मानपूर्वक आयोजित कर सकेंगे। विधायक मुकेश टंडन ने मांग पर आवश्यक कार्रवाई और सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान रविदास समाज ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रमोहन रतोसिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लम्पूलाल अहिरवार, खिलान सिंह, चतर सिंह, कालूराम अहिरवार, हरिसिंह सहित समाजजन मौजूद रहे।

अंगदान-प्रत्यारोपण पर आयोग ने दिया नोटिस

प्रतीक्षा सूची में गड़बड़ी और अंग खराब होने के आरोप, स्वास्थ्य विभाग से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र में अंगदान और अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है।



आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की पीठ ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने को कहा है। यह शिकायत विदिशा निवासी विनोद के. शाह ने की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण के लिए तय प्रतीक्षा सूची का सही तरीके से पालन नहीं होता। आरोप है कि पात्र मरीजों की जगह पसंदीदा लोगों को प्राथमिकता दी जाती है। शिकायत में कहा है कि अंगदान को लेकर जागरूकता बढ़ने के बावजूद अस्पतालों में व्यवस्थाओं की कमी है। दान किए गए अंगों का सुरक्षित और समय पर परिवहन नहीं हो पाता। इसके चलते कुछ अंग समय पर प्रत्यारोपण के लिए इस्तेमाल नहीं किए जा पाते और खराब हो जाते हैं। विनोद शाह ने अंगदान और

ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र विशेषज्ञों की कमी

आयोग में की गई शिकायत में ग्रामीण इलाकों में नेत्र विशेषज्ञों की कमी का भी जिक्र किया गया है। इसमें मांग की गई है कि जहां विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं हैं, वहां प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ को नेत्रदान की प्रक्रिया में शामिल करने की व्यवस्था की जाए। अब स्वास्थ्य विभाग को नोटिस का जवाब देते हुए मामले में की गई कार्रवाई और उठाए गए कदमों की जानकारी चार सप्ताह के भीतर आयोग को देनी होगी। प्रत्यारोपण की पूरी प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी बनाने की मांग की है।

जिपं की बैठकः सोलहवें वित्त की राशि से स्कूलों को सुविधाएं, छात्राओं और खेल को प्राथमिकता

156 स्कूलों में सैनिटेशन पैड इन्सिनेरेटर, 160 में वॉलीबॉल नेट व मैदान के लिए राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में सोलहवें वित्त के तहत प्राप्त राशि के उपयोग पर चर्चा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने अपने हिस्से की राशि बिना भेदभाव के जिले के सभी 19 सदस्यों के वार्डों में स्थित शासकीय स्कूलों के लिए वितरित की।

राशि से जिले के 156 शासकीय स्कूलों में सैनिटेशन पैड इन्सिनेरेटर लगाए जाएंगे। इससे कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को स्वच्छता संबंधी सुविधा मिलेगी और स्कूल परिसर में सैनिटरी पैड के उचित निपटान की व्यवस्था होगी। जिले में 160 स्कूलों में वॉलीबॉल नेट, पोल और मैदान निर्माण के लिए राशि दी है। इससे



विद्यार्थियों को खेल सुविधाएं मिलेंगी और खेलों के प्रति रुझान बढ़ेगा। जिपं ने दोनों कार्यों को छात्राओं के सम्मान, स्वच्छता और युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

सेवा संकल्प अभियान : एसएटीआई में रक्तदान शिविर, 84 यूनिट रक्त संग्रहित

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में बुधवार को एसएटीआई डिग्री कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों और युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। कुल 84 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

संग्रहित रक्त में 38 यूनिट जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक और 46 यूनिट मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया। मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक के डॉ. रजनीकांत ने बताया कि रक्त का उपयोग आपातकालीन मरीजों, थैलेसीमिया से पीड़ितों, गर्भवती महिलाओं सहित अन्य जरूरतमंद मरीजों के उपचार में किया जाएगा। ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार कुशवाह ने एनएसएस टीम, पॉलिटेक्निक कॉलेज की टीम और सभी



रक्तदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने का संकल्प है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने नियमित रक्तदान के साथ लोगों को इसके लिए जागरूक करने की अपील की। इस दौरान एनएसएस जिला संयोजक डॉ. प्रवीण कुमार जग्गा, पॉलिटेक्निक संयोजक बृजेश प्रजापति, कोऑर्डिनेटर जीके किरार एवं शिल्पी जी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

वृद्धजन दिवसः 30 हजार लोगों तक पहुंची ब्रह्माकुमारीज की टीम, एक लाख लोगों को जागरूक करने का संकल्प

उम्र बढ़ना अंत नहीं, अनुभव की पूंजी है, बुजुर्गों से सीखने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ए-33 मुखर्जीनगर सेवा केंद्र द्वारा 'संगम-गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' अभियान के तहत जिले में बुजुर्गों के सम्मान और पारिवारिक मूल्यों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का अंत नहीं, बल्कि अनुभव, परिपक्वता और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की अवस्था है। बुजुर्ग समाज के लिए अनुभव और संस्कारों की अमूल्य धरोहर हैं।

ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि बुजुर्गों की बढ़ती उपेक्षा और वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने आध्यात्मिक जागृति और पारिवारिक संस्कारों को इस समस्या के समाधान का माध्यम बताया।



बुजुर्गों ने साझा किए अनुभव : अभियान में 8 बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए। सेवानिवृत्त शिक्षक रामस्वरूप साहू ने बताया कि राजयोग सीखने के बाद उन्होंने खाली समय को सेवा का माध्यम बनाया और बच्चों को निशुल्क पढ़ाना शुरू किया। सावित्री देवी ने सेवा से जीवन में खुशी लौटने की बात कही। हरिराम कुशवाह ने क्षमा से रिश्तों में सुधार, गेंदा बाई ने सेवा से आत्मविश्वास लौटने और रतिराम ने जेल में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का अनुभव साझा किया। अन्य बुजुर्गों ने ध्यान, सकारात्मक सोच और परिवार में संवाद से जीवन में आए बदलाव बताए।

भारत सरकार के साथ समझौते के बाद अभियान

2 मई 2025 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग के बीच समझौते के बाद यह राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया। विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने भी अभियान को प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सहयोग किया।

50 कार्यक्रम, 30 हजार लोगों तक पहुंच

अभियान के तहत विदिशा, गंजबासौदा, गुलाबगंज, नटेरन, लटेरी, शमशाबाद, जिला जेल, देव खजूरी सहित स्कूल, कॉलेज, वृद्धाश्रम और सार्वजनिक स्थलों पर करीब 50 कार्यक्रम हुए। टीम ने अब तक 30 हजार लोगों को जागरूक किया है और इस वर्ष एक लाख लोगों तक संदेश पहुंचाने संकल्प लिया।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-5901
सरसों
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7852
चना
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6732
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-8615
शरबती
न्यूनतम भाव-3475
उच्चतम भाव-4375
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2050
उच्चतम भाव-3150
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2520
उच्चतम भाव-2656
बटरी
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-4100
मूंग
न्यूनतम भाव-2750
उच्चतम भाव-7600
उड़द
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-8570
धनिया
न्यूनतम भाव-11500
उच्चतम भाव-11500
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3070
उच्चतम भाव-3550
धान
न्यूनतम भाव-1511
उच्चतम भाव-1511

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 6582 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

मवेशियों से बढी परेशानी

गंजबासौदा। इलाके में इन दिनों फसलें पक चुकी हैं और ऐसे में मवेशी पकी फसलों को नष्ट कर रहे हैं। ग्राम उदयपुर के प्रगतिशील किसान संजय शर्मा ने बताया कि ग्राम भाटनी,फतेहपुर, मुरादपुर, डिडोली आदि के किसान इन दिनों मवेशियों से खासे परेशान हैं। फसलों को बचाने के लिए रात रात भर जागकर खेतों की रखवाली कर रहे हैं।

लापता बालिका का शव मिलने के कुछ घंटे बाद ही पकड़ाए आरोपी

चार वर्षीय बालिका की गला दबाकर हत्या, ससुर और बहू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा







बुधवार की सुबह समीपस्थ ग्राम सुनारी में एक चार वर्षीय लापता बालिका का शव घर के पास सेप्टिक टैंक में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने शव बरामद कर परीक्षण कराया और मामले की जांच शुरू कर दी। कुछ घंटों के बाद ही पुलिस ने बालिका की हत्या के मामले में उसके पिता और भाभी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम सुनारी निवासी 40 वर्षीय लल्ला आदिवासी ने गत शाम अपनी चार वर्ष की पुत्री के लापता होने की शिकायत की थी। जिस पर पुलिस ने बालिका की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा बच्ची को शीघ्र दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया। उपरोक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बासौदा शहर निरी. संजय वेदिया के नेतृत्व में जिले के अन्य थानों के थाना प्रभारियों व पुलिस बल की टीमें गठित की गई। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए गठित पुलिस टीम द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ कर बालिकी की तलाश प्रारम्भ की गई। टीमों द्वारा बालिका की पतारसी के दौरान बुधवार की सुबह बालिका को उसके घर के पीछे बने शौचालय के गड्ढे के पास से मृत अवस्था में बरामद किया गया। बाद में बालिका का सिविल अस्पताल में शव परीक्षण कराया जाकर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकरण में आये भौतक साक्षियों के आधार पर संदेही लल्ला आदिवासी व उसकी बहू उर्मिला आदिवासी से पूछताछ की गई। जिसमें बालिका के पिता लल्ला आदिवासी ने बहू उर्मिला के द्वारा बच्ची का गला दबाकर बच्ची की हत्या करना एवं अपने घर के पीछे बनी लेट्रिंग के गड्ढे में शव को छिपाना बताया। आरोपी गणों को चंद घण्टों में गिरफ्तार कर धारा 137(2) BNS बृद्धि धारा 103(1), 238(क), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी गणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में एसडीओपी शिखा भलावी, रोशनी ठाकुर, थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी उनि जय कुमार सिंह , थाना प्रभारी मुरबास लक्ष्मण डाबर ,थाना प्रभारी गुलाबगंज सुरेश सोलंकी, थाना प्रभारी त्योंदा गौरव रघुवंशी , थाना प्रभारी हैदरगढ़ उनि रघुराज सिंह , थाना प्रभारी पथरिया उनि रोहित कौरव , उनि राधेश्याम यादव, प्रआर सतेन्द्र रावत, सुरेश रघुवंशी, प्रमोद शर्मा थाना हैदरगढ़, आर अभिषेक शुक्ला, सतेन्द्र तोमर, अनिल यादव, राहुल शर्मा, पवन यादव, गौरव शर्मा, उत्तम वर्मा, भानू ठाकुर थाना मुरवास, देहात थाना बासौदा के रामनिवास मीना, सोनम, प्रियंका, श्यामवती , प्रआ रविराव ,आर. राकेश जाटव, प्रआर चालक आजाद, सुरेश यादव, आर. देवेन्द्र उचारिया, संतोष मरकाम, सरमन साहू व अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

मांगों को लेकर शिक्षक करेंगे उपवास



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

तीन सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलनरत अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा गाँधी जयंती पर एक दिवसीय उपवास करेगा। जिलाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी ने बताया जैसे महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, उपवास और शांतिपूर्ण अनुशासित धरना-प्रदर्शन से देश को आजादी दिलाई थी, ठीक उसी गांधीवादी मार्ग पर चलते हुए मध्यप्रदेश के हजारों शिक्षक दो अक्टूबर गांधी जयंती पर महा-आंदोलन करने जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया हम सब नीमताल गांधी चौक पर 2 अक्टूबर को यह आंदोलन पूरी तरह अहिंसक, शांतिपूर्ण और अनुशासित गाँधीवादी सिद्धांत तरीके से करेंगे। शिक्षक महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उनका प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम ईश्वर अल्लाह तेरो नाम गाते हुए अपनी मांगें रखेंगे। शिक्षकों की तीन प्रमुख मांगों में TET परीक्षा निरस्त करने, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने और ई अटेंडेंस बंद करना शामिल हैं। महिला प्रकोष्ठ की अनीता ठाकुर, माधवी भाटिया, उमा सेन, पूनम भाटिया, विनोद श्रीवास्तव, रामराज, सिंह दांगी, एलआर अहिरवार, संजीव रघुवंशी, जितेन्द्र नामदेव, जेपी दुबे ने जिले के अध्यापक, शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में इस उपवास में शामिल होने की अपील की है।

पितृलोक चंद्रलोक से ऊपर है: पं केशव गुरू



गंजबासौदा। नगर के वार्ड क्रमांक 17-18 स्थित छैल बिहारी मंदिर में भागवत कथा एवं पितृ व्याख्यान में चतुर्थ दिवस पंडित केशव शास्त्री ने बताया पितृ श्राद्ध आश्विन कृष्ण पक्ष में होता है। वेद उपनिषद के अनुसार पितृ लोक चंद्रलोक से ऊपर है जो ज्योतिष अनुसार शुक्ल पक्ष में चंद्रमा सूर्य से दूर रहता है। तब पितृ लोक में 15 दिन निरंतर एक रात्रि होती है कृष्ण पक्ष में चंद्रमा क्रमशः सूर्य के निकट हो जाता है। अतः पितरों का उन 15 दिनों में निरंतर एक दिन होता है। अमावस्या के सूर्य चंद्र एक राशि में होते हैं तब दोपहर में सूर्य चंद्र लोक के सर पर होने से वह समय पितरों का भोजन काल है। अतः भारतीय परंपरा में इस समय ब्राह्मण भोजन होता है। वेद में भगवान का मुख ब्राह्मण है एवं मुखाद अग्नि अजायत कहकर अग्नि भी परम ब्रह्म का मुख है। अग्नि में द्रव्य का परिवर्तन वायु एवं भस्म रूप में परिवर्तन होता है। ब्राह्मण भोजन में द्रव्य का परिवर्तन वायु रूप से पितरों को मिलता है, समुद्र का जल सूर्य ताप से भाप बनकर मेघ रूप बन जाता है। इसी प्रकार सूर्य स्वरूप अग्नि से नाम व गोत्र उच्चारण पूर्वक वायु अग्नि के माध्यम से पितरों को दिया जल द्रव्य सूक्ष्म रूप से पितरों को प्राप्त होता है। अतः सच्चिदानंद भगवान इस संसार क्रम को परमात्मा की योग शक्ति संचालित करती है, भगवान के सत अंश से लक्ष्मी वहीं रुकमणी है चिद अंश से यमुना जी और आनंद अंश की अधिष्ठात्री श्री राधा जी हैं, राधा का आश्रय लेने से कृष्ण खींचे चले आते हैं तथा राधा कृष्ण दोनों का आश्रय जीवन को आनंद से परिपूर्ण कर देता है।

त्योंदा में छात्र की मौत के बाद परिजनों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





समीपस्थ कस्बे त्योंदा में बुधवार को एक छात्र की मौत के बाद परिजनों ने उसके शव को मुख्य मार्ग पर रखकर कई घंटों तक प्रदर्शन किया। परिजनों की मांग थी कि छात्र को डांटने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बाद में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश देकर उनका प्रदर्शन शांत कराया। इस दौरान बासौदा बागरोद मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और वाहन चालकों को कई किमी का चक्कर काटकर अपने गंतव्यों की ओर जाना पडा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रसूलपुर निवासी देव विश्वकर्मा त्योंदा के शासकी उमावि में कक्षा 10 वीं का छात्र था। बताया जाता है कि गत दिवस विद्यालय में किसी बात को लेकर शिक्षक ने उसे डांटते हुए दंडित किया था। जिससे बाद छात्र ने अपने घर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगडने पर परिजन उसे पहले त्योंदा अस्पताल ले गए। जहां से उसे उच्च उपचार के लिए विदिशा ले जाया गया। जहां रात में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने आज दोपहर उसके शव को त्योंदा में मुख्य मार्ग पर रखकर चक्काजाम किया। बाद में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन शांत हुआ। इस संबंध में एसडीओपी शिखा भलावी का कहना है कि परिजनों को मामले की जांच के बाद प्रकरण दर्ज करने का आश्वासन दिया गया है। विदिशा से मर्ग डायरी बुलाई जा रही है और डायरी आने के बाद मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

नगर में दो अक्टूबर को निकलेगा भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



दश लक्षण महापर्व के समापन वेला में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी देवाधिदेव 1008 श्री जिनेन्द्र देव का भव्य चल समारोह कार्तिक शुक्ल पक्ष छठ के पावन दिवस पर आयोजित किया जा रहा है। विमान जी चल समारोह 108 मुनिश्री वीर सागर महाराज की समाधि दिवस पर आयोजित किया जाता है। चल समारोह श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पारस पूरम धूसरपुरा में प्रातः 6.30 बजे मंगलाष्टक, अभिषेक एवं शांतिधारा जिनेंद्र भगवान के सम्पन्न कर प्रारंभ होगा। सदर बाजार से शुरु होकर श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में कलशाभिषेक कार्यक्रम संपन्न होगा। समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा नगर के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आमंत्रण दिया जा रहा है। मंत्री सतीश जैन ने मंदिर समितियों, महिला मंडलों, पाठशाला परिवार, सेवा दल से शामिल होने की अपील की है।

सफाई मित्रों की सेहत की जांच के साथ वितरित किए सुरक्षा उपकरण

गंजबासौदा। नगर पालिका द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में किया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा के निर्देशन में आयोजित शिविर में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों, मेट एवं दरोगाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर में राजीव गांधी जन चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. रविंद्र चिड़ार, मेडिकल ऑफिसर डॉ. ब्रजेश अहिरवार, सहायक नेत्र सहायक डॉ. दिनेश कुमार दुबे द्वारा सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं आंखों की जांच की गई।





इस दौरान बीपी, शुगर सहित आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा जरूरत के अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। नगर पालिका की सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अभिषेक शर्मा ने कहा कि सफाई मित्र शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीवर, नालियों एवं अन्य जोखिम वाले स्थानों पर कार्य करने के कारण उनका समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस दौरान कई नपा सफाईकर्मी मौजूद रहे।

लदाना जयपुर के बालाजी धाम में हो रहा आयोजन

नव दिवसीय श्री राम भक्ति में डूबे श्रद्धालुगण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नौलखी धाम के श्रीमहंत श्री राम मनोहर दास महाराज के श्रीमुख से जयपुर जिले के फागी क्षेत्र स्थित श्री बोरड़ी बालाजी धाम, लदाना में नवदिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में नगर के कई श्रद्धालु शामिल होकर श्रद्धालु भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबकर धर्मलाभ ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के सिद्ध संत बाबा जगन्नाथदास जी की तपोभूमि नौलखी धाम की अपनी अलग धार्मिक पहचान है। इसी संत परंपरा से जुड़े श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज देश के अलग-अलग धार्मिक स्थलों पर कथा करते हैं तो नगर से जुड़े श्रद्धालु भी कथा में सम्मिलित होकर उनसे आध्यात्मिक रूप से जुड़ते हैं। जयपुर में चल रही कथा में भी नगर और आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं। कथा में शामिल नरेश गुप्ता, विजय रघुवंशी ने बताया कि 27 सितंबर से प्रारंभ हुई यह कथा 5 अक्टूबर तक चलेगी। प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से शाम 5:15 बजे तक कथा का आयोजन हो रहा है। महाराज द्वारा श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा में भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा, त्याग, माता-पिता के प्रति समर्पण, भाई प्रेम, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जा रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। जैसे ही महाराज श्रीराम कथा के प्रसंगों का वाचन शुरू करते हैं, पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। भजन और श्रीराम के जयघोष के बीच श्रद्धालु कथा का रसपान कर रहे हैं। नवदिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ भी धार्मिक परंपराओं के साथ किया गया। लदाना स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश लेकर धार्मिक जयघोष करते हुए श्री बोरड़ी बालाजी धाम पहुंचे। कलश यात्रा के बाद विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। श्रीराम कथा का आयोजन दाधीच-लालोदिया परिवार, लदाना जयपुर के संयोजन में किया जा रहा है। आयोजन में पं. सत्यनारायण, सूर्य प्रसाद, हरि प्रसाद, कृष्ण गोपाल, चन्द्रशेखर, नन्दकिशोर, गोविंद, पुरुषोत्तम, कैलाश, लक्ष्मीकांत, विष्णु, उमाकांत एवं नगेन्द्र सहित समस्त दाधीच-लालोदिया परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ऑनलाइन बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गत दिवस मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की राष्ट्रीय ऑनलाइन बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में देशभर से राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर के सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डिजिटल माध्यम से सहभागिता की। बैठक का मुख्य मार्गदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार जी ने किया। बैठक की जानकारी देते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि हम सब अपनी जड़ों से जुड़े, नफरत के खिलाफ राष्ट्रीय मुहिम का शंखनाद करे। हमारे धर्म अलग हो सकते है लेकिन जड़ें और वतन एक ही है। देश में सामाजिक दूरी, आपसी अविश्वास और नफरत को खत्म करने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्य कर्ता प्रेम, भाईचारा, सेवा, विश्व बंधुत्व का संदेश गाँव गाँव तक फैलाए। उन्होने कहा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का जनाधार निरंतर बढ़ रहा है। देश भर के सभी कार्यकर्ता संगठन के विकास के लिए पूरी कर्मठता से कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने आह्वान किया कि जिस प्रकार सभी कार्यकर्ता संगठन के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार प्रकोष्ठों के सभी प्रमुख भी अपने-अपने प्रकोष्ठों को मजबूत और विस्तारित करने के लिए कार्य करें। वे अपने प्रकोष्ठों की छोटी-छोटी बैठकें एवं कार्यक्रम आयोजित करें तथा जिला, नगर और प्रदेश स्तर तक इकाइयों का गठन कर संगठन के आधार को और अधिक मजबूत करें। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 18 अक्टूबर 2026 को लखनऊ उत्तर प्रदेश में एक बड़े कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे और सम्मलेन में इन्द्रेश कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों ईद, मिलाद-उन-नबी, रक्षाबंधन, 'एक पेड़ माँ के नाम' और जन्माष्टमी जैसे अवसरों पर देश भर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो अत्यंत सराहनीय हैं। इस प्रकार के सभी कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ेगा। बैठक के अंत में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ संगठन की गतिविधियों के लिए भी समय अवश्य निकालें। बैठक में शाहिद अख्तर, गिरीश जुयाल सहित राष्ट्रीय पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद हुए।

जल संसाधन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में संविदा कर्मियों को मिला 50 प्रतिशत आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मध्य प्रदेश के जल संसाधन विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उपयंत्री सिविल के पदों की भर्ती प्रक्रिया में पात्र संविदा कर्मचारियों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था कर दी गई है। शासन की वर्ष 2023 की नीति के तहत आरक्षण का लाभ न मिलने पर 24 संविदा उपयंत्रियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से नगर के अधिवक्ता नवीन सैनी ने पक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायालय को बताया कि 29 अगस्त 2026 को जारी भर्ती विज्ञापन पोस्ट कोड 124 एवं 130 में संविदा कर्मियों के लिए तय 50% आरक्षण का प्रावधान शामिल नहीं था। सुनवाई के दौरान उन्होंने शासन की पूर्व नीतियों और कार्य अनुभव के नियमों का हवाला देते हुए स्थिति स्पष्ट की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह के निर्देश पर संबंधित विभागों ने प्रक्रिया में आवश्यक सुधार किया। 30 सितंबर 2026 को विभागों द्वारा नया संशोधन आदेश जारी कर पात्र संविदा उपयंत्रियों को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर दिया गया। विभागीय स्तर पर हुए इस संशोधन से याचिकाकर्ताओं के साथ-साथ प्रदेश के अन्य पात्र संविदा कर्मचारियों को भी तय नीति के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

बढने लगी गर्मी

गंजबासौदा। इलाके में बारिश का मौसम समाप्त होते ही धूप में चुभन बढ गई है और लोगों को गर्मी से परेशानी होने लगी है। तेज धूप और उमस से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आने लगी हैं।

नगरपालिका में नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति, बड़ी संख्या में नागरिक हुए शामिल

सेवा संकल्प अभियान के तहत कलाकारों ने दिया देश सेवा और राष्ट्रप्रेम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

प्रिया सिंह परिहार ने किया नुक्कड़ नाटक का निर्देशन



नुक्कड़ नाटक का निर्देशन प्रिया सिंह परिहार ने किया। उनके निर्देशन में कलाकारों ने कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं प्रभावी रूप दिया। दोनों प्रस्तुतियों के दौरान उपस्थित नागरिकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और प्रस्तुति की सराहना की। आयोजकों के अनुसार नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ लोगों तक सामाजिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े संदेशों को सहज तरीके से पहुंचाना है। वही सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विदिशा जिले के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया जा रहा है। इसी क्रम में आने वाले दिनों में जिले के अन्य स्थानों पर भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजकों ने बताया कि नुक्कड़ नाटक जैसे माध्यम से आम लोगों तक महत्वपूर्ण संदेश आसानी से पहुंचता है और नागरिकों की सहभागिता भी बढ़ती है।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को सिरोंज नगरपालिका क्षेत्र में आकर्षणम जन कल्याण समिति भोपाल के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। नगरपालिका क्षेत्र में दो स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से राष्ट्रसेवा, देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। दोनों ही कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने नाटक को ध्यानपूर्वक देखा।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन-संघर्षों और उनके सार्वजनिक जीवन में एक योद्धा के रूप में उभरने की गाथा को नाटकीय रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से उनके संघर्ष, चुनौतियों और देशहित को सर्वोपरि रखने के भाव को मंच पर जीवंत किया। नाटक में गुजरात के विकास से जुड़ी वाइब्रेंट गुजरात और ज्योतिग्राम जैसी योजनाओं का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें कलाकारों ने संवाद और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के दौरान आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख, राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने तथा देश सेवा को सर्वोच्च मानने जैसे विषयों को भी प्रमुखता से दर्शाया गया। कलाकारों के संवाद, अभिनय और मंचन शैली ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि राष्ट्र के विकास और सुरक्षा में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। नाटक में कुल 13 कलाकारों ने अभिनय किया। मुख्य भूमिकाओं में सौम्या, मुस्कान, रोहिणी, प्रिंस, साहिल, सुरेश, अमन, शुभम और अन्वी ने सहज एवं प्रभावी अभिनय करते हुए दर्शकों की सराहना प्राप्त की। कलाकारों ने सीमित संसाधनों के बीच संवाद, अभिनय और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से विभिन्न प्रसंगों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

सोसायटियों व गोदामों में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग

किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग

जिला पंचायत सदस्य भगत सिंह रघुवंशी ने एसडीएम को सौंपा आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

रबी फसल की बुवाई का सीजन नजदीक आते ही किसानों को खाद एवं उर्वरक की उपलब्धता को लेकर चिंता सताने लगी है। किसानों की समस्या को लेकर स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास समिति के सभापति एवं जिला पंचायत सदस्य भगत सिंह रघुवंशी ने एसडीएम को आवेदन सौंपकर किसानों एवं सोसायटियों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की है।

आवेदन में उन्होंने बताया कि रबी की फसल लगाने का समय आ गया है, लेकिन सोसायटियों एवं गोदामों पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं उर्वरक उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समय पर खाद नहीं मिलने के कारण कई किसानों ने खरीफ की फसल की बुवाई भी बिना पर्याप्त उर्वरक के की थी। अब रबी फसल के लिए भी किसानों को खाद की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में खाद प्राप्त करने के लिए टोकन बुक करने का समय भी निश्चित नहीं है, जिसके चलते कई किसानों के टोकन बुक नहीं हो पा रहे हैं। इसका सबसे अधिक असर आर्थिक रूप से कमजोर, अशिक्षित एवं छोटे किसानों पर पड़ रहा है, जिन्हें खाद लेने के लिए बार-बार परेशान होना पड़ रहा है।

जिला पंचायत सदस्य रघुवंशी ने प्रशासन से मांग की कि किसानों की आवश्यकता को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद एवं उर्वरक की व्यवस्था सोसायटियों एवं गोदामों पर सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को रबी सीजन में समय पर खाद मिल सके और उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मण रघुवंशी मौजूद रहे।

विधि कुशवाह ने जीता स्वर्ण, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में सिरोंज के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज



70वीं राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता सतना-2026 में सिरोंज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक हासिल किए। प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 सितंबर तक सिंधु हायर सेकेंडरी स्कूल, रीवा रोड सतना में किया गया। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम में आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के चार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अंडर-17 आयु वर्ग में विधि कुशवाह ने 44-46 किलोग्राम वजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में विधि ने सागर संभाग की खिलाड़ी प्रेरणा ठाकुर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ विधि कुशवाह अब 70वीं राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता श्रीनगर-2026 में मध्यप्रदेश की स्कूल ताइक्वांडो टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी।

वहीं प्रतियोगिता में आदर्श ताइक्वांडो क्लब के समर्थ दिनकर और नवदीप जाट ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किए। चार खिलाड़ियों की टीम ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। भोपाल संभाग की टीम के कोच के रूप में आदर्श ताइक्वांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह भी प्रतियोगिता में शामिल रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्लब से जुड़े खेलप्रेमियों ने खुशी जताते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी। आदर्श ताइक्वांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह ने बताया कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसका परिणाम पदकों के रूप में सामने आया है। विधि कुशवाह का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन सिरोंज के लिए गौरव की बात है।

नवरात्रि की तैयारियों को लेकर महामाई सेवा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

विधायक शर्मा ने प्रशासन एवं समिति सदस्यों को बेहतर व्यवस्थाओं के दिए निर्देश



आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर नगर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को महामाई मंदिर परिसर में श्री महामाई सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक उमाकांत शर्मा ने महामाई सेवा समिति के सदस्यों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सामूहिक रूप से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक शर्मा ने प्रशासन एवं समिति के सदस्यों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही संबंधित विभागों को अपने-अपने स्तर पर आवश्यक तैयारियां पूरी करने और नवरात्रि के दौरान व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में महामाई सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष अमोल सिंह जाटव, रमेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, सरसिज शर्मा, सर्वेश शर्मा, एसडीएम ओमनारायण बड़कुल, नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल, एसडीओपी अमरेश बोहरे सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिकों के पारिवारिक व संपत्ति विवादों की पुलिस पंचायत में सुनवाई

दो मामलों में आपसी सहमति का प्रयास विवादों में न्यायालय जाने की दी सलाह



विदिशा। वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े पारिवारिक एवं संपत्ति संबंधी विवादों के निराकरण के लिए आयोजित सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत की बैठक में चार प्रकरणों की सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में हुई बैठक में कोर कमेटी सदस्य आरके कुलश्रेष्ठ, अजय टंडन, प्रमोद व्यास, डॉ. सचिन गर्ग और पार्थ पितलिया मौजूद रहे। बैठक में वर्षों से लंबित मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनकर संवाद, समझाइश और आपसी सहमति के माध्यम से समाधान का प्रयास किया गया। पहले प्रकरण में 65 वर्षीय महिला ने पुत्र पर बैंक से पैसे निकालने और धमकी देकर परेशान करने की शिकायत की थी। जांच में पैसे निकालने का साक्ष्य नहीं मिला और मामला पारिवारिक विवाद का पाया गया। समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने सहमति जताई।

दूसरे प्रकरण में महिला ने सास पर धोखाधड़ी कर मकान बेचने का आरोप लगाया। सुनवाई में मकान सास के नाम होना सामने आया। मामला सिविल प्रकृति का होने पर न्यायालय के माध्यम से निराकरण की सलाह दी गई। तीसरे मामले में महिला ने जेठ पर संपत्ति विक्रय में बाधा डालने की शिकायत की। आपसी सहमति नहीं बनने पर दोनों पक्षों को न्यायालय जाने की सलाह दी गई। चौथे प्रकरण में भी दोनों पक्षों को आवश्यक परामर्श और उचित प्रक्रिया की जानकारी दी गई। पुलिस पंचायत के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के विवादों में संवेदनशीलता के साथ समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट की हर शाखा में सूचना पटल अनिवार्य

कलेक्टर ने किया शाखाओं का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने जिला कोषालय, लोक सेवा केंद्र, निर्वाचन शाखा, शहरी विकास अभिकरण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग, लाइसेंस शाखा सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अभिलेखों के रख-रखाव और कार्यालयीन व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। मालखाना कक्ष का निरीक्षण कर सामग्री और संबंधित रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग के निरीक्षण के दौरान शहरी परियोजना विदिशा का सीडीपीओ कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन में शिफ्ट करने तथा किराए के भवन में संचालित नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शाखाओं में सूचना पटल अनिवार्य रूप से लगाने को कहा। सूचना पटल पर नागरिकों के लिए सेवाओं, प्रक्रियाओं और आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को कार्यालयीन कार्यों में सुविधा मिल सके।

सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती के द्वितीय चरण की परीक्षा 7 से 18 अक्टूबर तक

विदिशा। मप्र कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा-2026 के अंतर्गत लिखित परीक्षा का आयोजन 4 जून से 20 जून तक किया गया था। लिखित परीक्षा का परिणाम 14 अगस्त 2026 को घोषित किया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए भर्ती प्रक्रिया के द्वितीय चरण का आयोजन 7 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2026 तक भोपाल में किया जाएगा। द्वितीय चरण में शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट तथा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यह परीक्षा अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के सामने, नाथू बरखेड़ा रोड, नीलबड़, भोपाल में आयोजित होगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी द्वितीय चरण से संबंधित विस्तृत कार्यक्रम, आवश्यक प्रपत्र एवं अन्य जानकारी मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in तथा जेल विभाग की वेबसाइट jail.mp.gov.in पर देख सकते हैं।

मत्स्य कृषक समृद्धि सह योजना के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

विदिशा। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रधानमंत्री मत्स्य कृषक समृद्धि सह योजना संचालित की जा रही है। योजना में मछुआरों, मत्स्य किसानों, विक्रेताओं और मत्स्य उद्यमियों को ऋण सुविधा, जलीय कृषि बीमा, प्रदर्शन अनुदान, प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हितग्राहियों का नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी) पर पंजीयन जरूरी है। इच्छुक हितग्राही नजदीकी सीएससी या सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय में ऑनलाइन पंजीयन व आवेदन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18004251660 पर संपर्क किया जा सकता है।

ई-चालान के नाम पर ठगी का बढ़ता खतरा

फर्जी लिंक भेजकर खाते से रकम उड़ाने की कोशिश

मोबाइल पर आए किसी अनजान लिंक को न खोलें

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन सेवाओं के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर ठगी के नए तरीके सामने आ रहे हैं। साइबर अपराधी ई-चालान, पहचान सत्यापन, बैंक खाता बंद होने और सरकारी विभागों के नाम का सहारा लेकर लोगों को फर्जी लिंक भेज रहे हैं। अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव ने नागरिकों को ऐसे संदेशों से सावधान रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि मोबाइल पर आए किसी अनजान लिंक को खोलने के बजाय संबंधित सरकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चालान की जानकारी जांचनी चाहिए। किसी को भी एक बार इस्तेमाल होने वाला गुप्त अंक, भुगतान गुप्त अंक, एटीएम गुप्त अंक, कार्ड सुरक्षा अंक या बैंकिंग पासवर्ड साझा नहीं करना चाहिए। अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई एप या दूरस्थ नियंत्रण वाला एप भी मोबाइल में स्थापित नहीं करना चाहिए। ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई जा सकती है। थोड़ी सी सतर्कता बड़ी आर्थिक क्षति से बचा सकती है।

यदि ऑनलाइन फ्रॉड में खाते से राशि निकल जाती है तो पीड़ित को तत्काल अपने बैंक को सूचना देने के साथ 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत करनी चाहिए। साथ ही साइबर अपराध की ऑनलाइन https://cybercrime.gov.in पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

छात्राओं ने प्रस्तुत किए पौष्टिक व्यंजन

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह के समापन अवसर पर पोषण मेले का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन में आयोजित मेले का उद्देश्य छात्राओं को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। छात्राओं ने विभिन्न पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार कर प्रदर्शित किए। प्राचार्य ने व्यंजनों का अवलोकन कर उनकी सामग्री व पोषण मूल्य की जानकारी ली। कार्यक्रम संयोजक प्रो. विशाखा नागर रहीं। मेले में 35 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की। आयोजन समिति के सदस्य, प्राध्यापक एवं महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हिरेश चंद्रवंशी पुत्र श्री गंधर्व सिंह चंद्रवंशी निवासी ग्राम पटी गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा एक मकान जिसका क्षेत्रफल 927.5 वर्गफिट है जो कि आराजी क्रमांक 432/1/Min-65 (S) वार्ड क्रमांक 11 महात्मा फुले वार्ड गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाएँ इस प्रकार हैं पूर्व में दर्शन सिंह का मकान पश्चिम में बाउंड्री उत्तर में रोड़ 20 फिट दक्षिण में रीना जैन का मकान है जो उनके द्वारा उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्री शैलेन्द्र कुमार राय पुत्र श्री रामनारायण राय निवासी ग्राम हरदौट तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. से ई-विक्रयपत्र क्रमांक MP292662021A1761168 दिनाँक 07-09-2021 को क्रय किया गया था। उक्त संपत्ति की लिंक डीड जो उसके पूर्व स्वामी श्री शैलेन्द्र कुमार राय पुत्र श्री रामनारायण राय निवासी ग्राम हरदौट तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. ने उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री चिरोंजीलाल श्रीवास्तव निवासी बेगमगंज तहसील बेगमगंज जिला रायसेन म.प्र. से ई-विक्रयपत्र क्रमांक MP292662016A1266265 दिनाँक 13-05-2016 को क्रय किया गया था उक्त मूल रजिस्ट्री कहीं खो गई है काफी तलाश करने पर भी वह नहीं मिल पा रही है। उक्त मकान पर श्री हिरेश चंद्रवंशी पुत्र श्री गंधर्व सिंह चंद्रवंशी निवासी ग्राम पटी गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया है उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या उक्त लिंक डीड रजिस्ट्री दिनाँक 13-05-2016 पर किसी भी प्रकार का कोई हक आदि हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथम तल, जिला न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस के ऊपर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा में मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट
प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के ऊपर, नेशनल इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा म.प्र. मो: 9685965100

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम देवखजूरी प.ह.न. 49 तहसील व जिला विदिशा मे भारतसिंह रघुवंशी पुत्र श्री हरिशंकर रघुवंशी निवासी ग्राम देवखजूरी के नाम से कृषि भूमि सर्वे कमांक 209 रकवा 6.616 हे0 स्थित है उक्त भूमि पैत्रिक व हिन्दू परिवार की अविभाजित सम्पत्ति है जिसमें मेरा पक्षकार प्रतापभानू रघुवंशी पुत्र श्री भारतसिंह रघुवंशी का हक नियत है एवं उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी भी पक्षकार ने भूमि का विक्रय या अनुबंध करता है या उक्त अनुबंध पत्र अथवा विक्रय पत्र सम्पादित कराता है तो वह स्वंय की जबाबदारी होगी क्योंकि मेरे पक्षकार का उक्त भूमि मे हिस्सा है और बिना मेरे पक्षकार की सहमति के क्रय अथवा अनुबंध किया जाता है तो वह स्वतः निरस्त मानी जावेगी।
अतः सूचित हो।

भवदीय
कौशल किशोर मांझी एडवोकेट
राजीव नगर विदिशा
मो. 9826976981

न्यायालय तहसीलादार (नगरीय) तहसील विदिशा म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 2463/अ-6/26-27
दिनांक 24/09/26
//इश्तहार//

1. श्रीमति कमलेश पत्नि श्री महाराम विश्वकर्मा .....आवेदिका
बनाम
1. श्रीमति जसवंत कौर पत्नि श्री गुरूवचन सिंह कोर..... आनावेदकगण

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि आवेदक श्रीमति कमलेश पत्नि श्री महाराम विश्वकर्मा द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम कस्वा विदिशा स्थित निम्न भूमि में से का भूखण्ड क्रय किया है। रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। ग्राम का नाम-कस्वा विदिशा खाता क्रमांक 1 सर्वे क्रमांक 1760/1/1/1/1/1 /1/1/1 रकवा 0.983हे में से 750 वर्गफिट विक्रता का नाम श्रीमति जसवंत कौर पत्नि श्री गुरुवचन सिंह कोर से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रेय पत्र 3154 दिनांक 08.03.2007 अतः इस संबंध में ऐसे सभी व्यक्तियों को जो उक्त खाते में हित रखते हो, सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वयं अथवा अपने अभिभषक के माध्यम से नियत दिनांक 05/10/2026 को उपस्थित हों ओर अपनी आपत्तियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपात्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

तहसीलदार
तहसील विदिशा

तनाव और अनियमित दिनचर्या से बढ़ रहा हृदय रोग का खतरा

विशेषज्ञों ने कहा: नियमित व्यायाम, संतुलित खानपान और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विश्व हृदय रोग दिवस पर विदिशा आईएपी एवं आईएमए के संयुक्त तत्वावधान में होटल सयाजी में संगोष्ठी आयोजित की गई।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हृदय रोग के कारणों, बचाव और स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूक किया। आईएमए के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सीआईएपी के ईबी सदस्य डॉ. एमके जैन ने कहा कि आज की भागदौड़ और प्रतिस्पर्धा भरी जिंदगी में तनाव, अनियमित दिनचर्या, रात में जागना, दिन में सोना, असंतुलित खानपान, धूम्रपान और शारीरिक श्रम की कमी के कारण कम उम्र में भी हृदय रोग के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि तनाव को कम करना और दिल को स्वस्थ रखना हमारी जिम्मेदारी है। आईएपी सचिव एवं आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने बाजार में मिलने वाले केक, पेस्ट्री, पिज्जा, बर्गर, फ्राइड-डीप फ्राइड खाद्य पदार्थ, कचौरी और समोसे जैसे ट्रांस फैट वाले खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ट्रांस फैट खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ाकर रक्त वाहिकाओं में रुकावट का कारण बन सकता है। डॉ. आकाश जैन ने सप्ताह के अधिकांश दिनों में 30 से 60 मिनट वॉकिंग, साइकिलिंग, तैराकी, योग या प्राणायाम करने की सलाह दी। डॉ. नीति अग्रवाल ने वजन, रक्तचाप और मधुमेह पर नियंत्रण के साथ नशे से दूर रहने पर जोर दिया। डॉ. संजय अग्रवाल ने सीढ़ियों के उपयोग और लंबे समय तक बैठने के बीच सक्रिय रहने की सलाह दी। डॉ. सुमत जैन, डॉ. अरुण जारोलिया और डॉ. ज्योति जैन ने तनावमुक्त रहने, सामाजिक संपर्क बनाए रखने और संतुलित आहार लेने को हृदय स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया।

कांग्रेस का हल्लाबोल: सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग, धरना देकर निकाली रैली

सड़क पर कांग्रेसी, एसआईआर में गड़बड़ी व मतदाता सूची में मनमानी के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ियों और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कामधेनु शॉपिंग कॉम्प्लेक्स परिसर में जिला स्तरीय धरना दिया। इसके बाद सागर-भोपाल तिराहे से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने काले कपड़े पहनकर तथा सिर माथे और बांहों पर काली पट्टियां बांधकर विरोध जताया। बाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह पटेल गडरवास, पूर्व कांग्रेस विधायक भगवान सिंह राजपूत बरेली डॉ जीसी गौतम सहित अन्य नेताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं से लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

मतदाता सूची में पारदर्शिता की कमी का आरोप



कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के दौरान पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। प्रभावित मतदाताओं को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहा है। कांग्रेस का कहना है कि मतदाता सूची में कथित मनमानी से आम मतदाताओं का चुनाव आयोग के प्रति विश्वास कमजोर हो रहा है। नेताओं ने मांग की कि मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष तरीके से जांच पड़ताल कराई जाए और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

दिल्ली में बड़े आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने मीडियाकर्मियों से चर्चा में कहा कि मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार आवाज उठा रही है। लेकिन उनकी आवाज को निकम्मी भाजपा सरकारों में बैठे मंत्रियों सांसद विधायकों द्वारा दबा दी जाती है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जल्द पद से नहीं हटाया गया तो कांग्रेस दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन करेगी। वहीं, देवेंद्र सिंह पटेल, भगवान सिंह राजपूत, डॉ. देवेंद्र धाकड़, डॉ. जीसी गौतम और राजा नीलमणि शाह ने भी मतदाता सूची से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने की मांग उठाई। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह सोलंकी ने मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग भी की।

रैली में गूंजे वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे

कामधेनु शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में धरने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सागर-भोपाल तिराहे से एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़', 'ज्ञानेश कुमार कुर्सी छोड़, हम इस्तीफा दिलाकर रहेंगे' और 'वोट चोर, पेपर लीक घोटालेबाज कहां मिलेंगे, भाजपा के दफ्तर में' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को घेरा। रैली और धरना प्रदर्शन में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय कुमार धाकड़, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल, डॉ. देवेंद्र धाकड़, डॉ. जीसी गौतम, भगवान सिंह राजपूत, राजा नीलमणि शाह, हकीम उद्दीन मंसूरी, कांग्रेस प्रवक्ता जावेद अहमद खान, मजहर कबीर, संदीप विश्वकर्मा एडवोकेट, राजेंद्र सिंह तोमर, एहतेश्याम बेग, खेमचंद चौरसिया, महेश साहू, लालजी ठाकुर, रामबाबू, कल्याण सिंह लोधी, प्रभात चावला, शशांक धाकड़ और रीतेश मेहरा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

आपील, बस संचालक अभद्रता करें तो दिव्यांग करें शिकायत

दिव्यांग यात्री से पूरा किराया व अभद्रता पर बस संचालक पर आरटीओ ने लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्राइवेट बसों में दिव्यांगजनों से मनमाना किराया वसूली को लेकर महादेव बस ट्रेवल्स पर जिला परिवहन अधिकारी द्वारा कार्रवाई की गई है। ज्ञात हो कि कुछ समय पूर्व दिव्यांगजन आयुक्त द्वारा मुख्यमंत्री से दिव्यांगजनों के परिवहन में आधा किराए की छूट देने मांग की गई थी, जिसके तहत मुख्यमंत्री द्वारा दिव्यांगजनों से यात्री बसों में आधा किराया वसूलने के आदेश दिए थे। दिव्यांग यात्री से अधिक किराया वसूलने की शिकायत पर आयुक्त के आदेश पर आरटीओ रायसेन द्वारा महादेव बस ट्रेवल्स संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है। प्राइवेट यात्री बसों में दिव्यांगजनों को बसों में आरक्षित सीट होने के बावजूद उनको सीट मिलना मुश्किल होता है। इतना ही नहीं उनको यात्रा के किराऐ में भी कोई रियायत नहीं दी जाती है, जिससे दिव्यागजनों को कई बार परेशानी का सफर करना पड़ता है। इसी बात को संज्ञान में लेकर दिव्यांगजन आयुक्त अजय खेमरिया ने मुख्यमंत्री से दिव्यांगजनों की यात्रा किराए में रियायत एवं अन्य सुविधाए मुहैया कराने मांग की गई थी।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया था कि प्रदेश की सभी यात्री बसों में दिव्यांगजनों से यात्रा किराए की आधी राशि ली जाए। ये आदेश सभी बस संचालकों पर बाध्यकारी हैं। बावजूद इसके रायसेन में महादेव ट्रेवल्स संचालक द्वारा दिव्यांगों से पूरा किराया वसूलने और अभद्रता का मामला सामने आया था। आयुक्त कार्यालय दिव्यांगजन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई के आदेश जिला परिवहन अधिकारी रायसेन को दिए थे। आदेश के बाद जिला परिवहन अधिकारी रीतेश कुमार तिवारी ने महादेव बस ट्रेवल्स के संचालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत जुर्माने की कार्रवाई की है। आरटीओ श्री तिवारी ने 28 सितंबर को जारी पत्र में इसकी पुष्टि की है।



न्यायालय आयुक्त दिव्यांगजन, मध्यप्रदेश शासन
COURT OF COMMISSIONER FOR PERSONS WITH DISABILITIES MADHYA PRADESH

क्रमांक/टी-04/एफ-पी.ए./2026-27/1203 भोपाल दिनांक 11 सितम्बर 2026

प्रति,
जिला परिवहन अधिकारी
जिला रायसेन म.प्र.

विषय:-महादेव ट्रेवल्स बस संचालक के विरुद्ध कार्यवाही विषयक ।

--oo--

कृपया संज्ञान लें। मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिव्यांगजनों यात्री बस किराए में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है।

इस न्यायालय को शिकायत प्राप्त हुयी है कि आपके जिले से संचालित महादेव बस सर्विस के परिचालकों द्वारा दिव्यांगजनों से न केवल पूरा किराया वसूल किया जा रहा है बल्कि दिव्यांगजनों के साथ अभद्रता कर उनकी दिव्यांगता का परिहास किया जा रहा है। उपरोक्त कृत्य न केवल शासन के निर्देशों के विरुद्ध है अपितु दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है।

आपसे आग्रह है कि तत्काल इस बस संचालक के विरुद्ध कार्यवाही कर इस न्यायालय को अवगत कराते हुये जिले के सभी बस संचालकों को निर्देश जारी करना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में ऐसी अप्रिय स्थिति किसी दिव्यांग के साथ निर्मित न हो ।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार

(डॉ0 अजय खेमरिया)
आयुक्त
दिव्यांगजन मध्यप्रदेश

क्रमांक/टी-04/एफ-पी.ए./2026-27/1204 भोपाल दिनांक 11 सितम्बर 2026

प्रतिलिपि:-
आयुक, परिवहन मध्यप्रदेश, हुरावली हिल, सिरोल, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आयुक्त
दिव्यांगजन मध्यप्रदेश

इनका कहना है

बस ऑपरेटर एवं कंडक्टर द्वारा दिव्यांजन से किराए को लेकर अभद्रता के मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। महादेव बस ट्रेवल्स के परिचालक द्वारा एक दिव्यांगजन से ऐसी ही लापरवासी की शिकायत दिव्यांगजन आयुक्त भोपाल से शिकायत मिली थी। इसीलिए महादेव बस ट्रेवल्स के संचालक के विरुद्ध जुर्माना किया गया है।
रीतेश तिवारी, जिला परिवहन अधिकारी रायसेन।

मैं समस्त दिव्यांगजनों से अपील करता हूँ कि अगर कोई भी बस कंडक्टर आपको अपना दिव्याग कार्ड दिखाने के बाद भी पूरा किराया लेता है। अभद्रता एवं परिहास करता है, तो इसकी शिकायत आयुक्त कार्यालय में करें, ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके।
अजय खेमरिया, आयुक्त, दिव्यांगजन मप्र।

निजी स्कूलों में नियम विरुद्ध नियुक्तियों और छात्र सुरक्षा को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

नगर में निजी स्कूलों के संचालन में कथित अनियमितताओं, नियम विरुद्ध शिक्षकों की नियुक्ति तथा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नगर इकाई ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गैरतगंज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने निजी स्कूलों में नियमों के पालन, शिक्षकों की नियुक्ति की जांच तथा विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की। परिषद का आरोप है कि नगर में कुछ निजी स्कूलों का संचालन मनमाने तरीके से किया जा रहा है और निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। एबीवीपी ने प्रशासन से मामले की जांच कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित स्कूलों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। परिषद ने चेतावनी दी कि



यदि प्रशासन द्वारा निजी स्कूलों की व्यवस्थाओं और छात्र सुरक्षा से जुड़े मामलों में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी दिनों में आंदोलन एवं उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

एबीवीपी ने मांग रखी है कि सभी निजी स्कूलों की प्रशासन द्वारा जांच कराई जाए और स्कूलों में शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। निजी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक पात्रता एवं नियुक्ति प्रक्रिया की जांच की जाए। नियम विरुद्ध पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सभी निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाए। निजी स्कूलों में फीस, शिक्षकों की नियुक्ति, विद्यार्थियों की सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल पठारी में बंदियों से की बातचीत, लापरवाही नहीं चलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान ने मंगलवार को जिला जेल पठारी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अजय कुमार यदु, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव हर्षिणी यादव और जिला विधिक सहायता अधिकारी बीएम सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने जिला जेल की विभिन्न बैरकों, रसोईघर, अस्पताल और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने बंदियों की आवासीय व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छता और पानी की उपलब्धता को बारीकी से परखा। प्रधान जिला न्यायाधीश ने खुद बंदियों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। बंदियों से पूछा कि उन्हें समय पर भोजन मिल रहा है या नहीं, बीमार होने पर इलाज मिलता है या नहीं।



फ्री विधिक सहायता पर दिया जोर

न्यायाधीश प्रधान ने जेल में बंदियों को मिल रही निःशुल्क विधिक सहायता और उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी कैदी को विधिक सहायता में परेशानी नहीं आनी चाहिए। जरूरतमंद बंदियों को नियमानुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए।जिला जेल प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता और बंदियों के कल्याण के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक हरीश आर्य सहित अन्य जेल स्टाफ मौजूद रहा।

राशन दुकानदारों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

1 अक्टूबर तक मांगें नहीं मानी तो होगा राशन दुकानों में तालाबंदी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मध्यप्रदेश राशन विक्रेता संघ जिला इकाई रायसेन ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर यशपाल स्वर्णकार ज्ञापन सौंपकर 5 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि 1 अक्टूबर तक मांगें नहीं मानी गईं तो रायसेन जिले सहित प्रदेशभर में आंदोलन और राशन दुकानों में तालाबंदी हड़ताल करेंगे। राशन दुकान संघ रायसेन ने ज्ञापन में कहा है कि राशन विक्रेता पीडीएस के जरिए गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक अनाज पहुंचाने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। कोरोना काल से लेकर हर विपरीत परिस्थिति में शासन के निर्देशों का पालन किया।लेकिन कम कमीशन और बढ़ती महंगाई के कारण राशन दुकान संचालन और परिवार चलाना तक बड़ा मुश्किल हो गया है।



राशन दुकान संघ के सदस्यों रंजीत लोधी मुईन खान, परनाम सिंह जादोन, शिब्बू धाकड़, मुकेश धाकड़, नरेश राय ने दूसरे राज्यों का हवाला देते हुए कहा कि बिहार में 258 रुपए और केरल में 270 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन दिया जा रहा है, जबकि मध्यप्रदेश में यह सबसे कम है। संघ के पदाधिकारी शिब्बू धाकड़, सुमित सक्सेना, सुनील साहू, थान सिंह, ठाकुर सिंह ने बताया कि राशन विक्रेता लंबे समय से मांग कर रहे हैं। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। अगर 1 अक्टूबर तक निराकरण नहीं हुआ तो प्रदेश के सभी 28 हजार विक्रेता एकजुट होकर आंदोलन करेंगे।

2 करोड़ से ज्यादा बकाया किराया सालों से नहीं दिया

नपा ने फाइनल की सीलिंग लिस्ट 80 दुकानों पर लटकेगा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नगर पालिका परिषद अब बकायादारों पर सख्ती करने जा रही है, शहर में नगर पालिका की 80 दुकानों पर जल्द ही ताला लगने वाला है। इन दुकानदारों पर करीब 2 करोड़ 15 लाख रुपए से ज्यादा का किराया बकाया है। बार-बार नोटिस देने के बाद भी किराया जमा नहीं होने पर नगर पालिका परिषद द्वारा अब तालाबंदी की तैयारी पूरी कर ली गई है। दरअसल नगर पालिका ने शहर के मुख्य बाजार, सांची रोड, बस स्टैंड और इंदिरा गांधी मार्केट नगर पालिका कॉम्प्लेक्स में करीब 150 से ज्यादा दुकानें किराए पर दे रखी हैं। इनमें से कई दुकानें 10 से 15 साल पहले काफी कम किराए पर दी गई थीं। शुरुआत में कुछ दुकानदारों ने किराया दिया।लेकिन बाद में धीरे-धीरे किराया देना बंद कर दिया। विभागीय सूत्रों के मुताबिक कई दुकानदार ऐसे हैं जिन पर 5 से 7 लाख रुपए तक का किराया बकाया है। नगर पालिका की राजस्व शाखा ने पिछले तीन महीनों में बकायादारों को दो बार नोटिस जारी किए थे। नोटिस में 15 दिन में बकाया जमा करने को कहा गया था। कुछ दुकानदारों ने नोटिस के बाद आंशिक भुगतान किया।लेकिन 80 दुकानदारों ने एक रुपया भी जमा नहीं किया।

वेतन और विकास पर असर

अधिकारियों का कहना है कि किराए की वसूली नहीं होने से पालिका की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। हर महीने करीब 60 लाख रुपए कर्मचारियों के वेतन पर खर्च होते हैं, लेकिन आय नहीं होने से वेतन देने में भी दिक्कत आ रही है। इसके अलावा शहर में नाली, सड़क और साफ-सफाई जैसे जरूरी काम भी प्रभावित हो रहे हैं।



पहले सील, फिर नीलामी

नपा सीएमओ सुरेखा जाटव ने बताया कि पहले चरण में इन 80 दुकानों को सील किया जाएगा। इसके बाद भी अगर बकाया जमा नहीं हुआ तो दुकानों का आवंटन निरस्त कर दूसरों को दोबारा से नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नगर पालिका ने अमले को भी अलर्ट कर दिया है। इसी हफ्ते से कार्रवाई शुरू हो सकती है।

कम बारिश और मौसम का असर धान में रोगों का प्रकोप

किसानों द्वारा महंगे कीटनाशकों का उपयोग, बढ़ रही लागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

चालू सीजन में कम बारिश तेज धूप भारी गर्मी के बने मौसम का धान की फसलों पर व्यापक असर हो रहा है। हरी भरी धान में बालियां निकालने की प्रक्रिया चल रही है। पानी की समस्या से धान की फसलें प्रभावित होने के साथ रोग ग्रस्त हो रही है। किसानों द्वारा रोगों से बचाव और नियंत्रण के लिए महंगे कीटनाशकों का छिड़काव किये जाने से प्रति एकड़ धान की लागत भी बढ़ती जा रही है। नर्मदा क्षेत्र में पूसा बासमती धान की व्यापक स्तर पर खेती हो रही है। खरीफ सीजन में किसानों द्वारा मुख्य रूप से पूसा बासमती धान और समर्थन मूल्य पर बिकने वाली गैर बासमती मोटी धान की व्यापक स्तर पर खेती की जा रही है। धान में बालियां निकलने के साथ बासमती धान की महक हवाओं में घुलकर राहगीरों को आनंदित भी करने लगी है।

धान में रोगों का प्रकोप : अन्य फसलों की अपेक्षा धान की फसलों में पानी अधिक लगता है। इस वर्ष कम बारिश होने के कारण किसानों द्वारा ट्यूबवेलों के द्वारा धान के खेतों में पानी भरा जा रहा है। ट्यूबवेलों को



चलाने के लिए निर्धारित 10 घंटे भी बिजली किसानों को न मिलने और तेज धूप गर्मी के कारण धान के खेतों में भरा पानी तेजी से सूख रहा है। इसी के साथ बार-बार मौसम बदलने के कारण धान में माहू पत्तियां पीली पढ़ने झड़ने फफूंद के रोग लग रहे हैं। किसानों द्वारा रोगों के प्रकोप से फसलों को बचाने महंगे कीटनाशकों का जमकर उपयोग किया जा रहा है। धान में रोगों के प्रकोप के कारण किसान फसलों की सुरक्षा के लिए सक्रिय बने हुए हैं।

बरेली थाना प्रभारी गुप्ता को मिलेगा सम्मान

बरेली। प्रदेश में नवंबर 2025 के लिए घोषित डीजीपी प्रशस्ति पत्र और डिस्क के लिए चुने गए 100 पुलिस अधिकारी पुलिस राजपत्र आदेश क्रमांक 105/2002 के तहत नवंबर 2025 के लिए घोषित डीजीपी प्रशस्ति पत्र एवं डिस्क सम्मान के लिए प्रदेश के 100 पुलिस अधिकारियों का चयन किया गया है। इस सूची में बरेली थाना प्रभारी कपिल गुप्ता का नाम शामिल है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए उनका चयन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। थाना प्रभारी कपिल गुप्ता के कार्यकाल में बरेली क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर पुलिस द्वारा लगातार सक्रियता दिखाई गई है। अपराधों की रोकथाम के साथ ही असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी, संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रिय भूमिका रही है। सहयोगात्मक व्यवहार के कारण पुलिस और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने से कानून व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी द्वारा दिखाई जा रही सक्रियता और तत्परता की स्सराहना की जा रही है।



हादसे रोकने पर मंथनः कलेक्टर-एसपी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अवैध पार्किंग व अतिक्रमण पर की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा एवं एसपी आशुतोष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क हादसे रोकने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, एएसपी दीपक नायक, शहर यातायात प्रभारी लता मालवीय सहित पीडब्ल्यूडी, एनएच और ग्रामीण सड़क विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। यातायात



प्रभारी ने पीपीटी के माध्यम से जिले के हादसों का डेटा और ब्लैक स्पॉट की जानकारी दी।

कलेक्टर-एसपी ने दिए 4 बड़े निर्देश

1. **ब्लैक स्पॉट पर फोकस** जिन स्थानों की सड़कों पर बार-बार हादसे हो रहे हैं।वहां सभी विभाग संयुक्त निरीक्षण कर सुधार करें। सड़क संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर और लाइट की व्यवस्था दुरुस्त की जाए।
2. **सड़कों की मरम्मत** पीडब्ल्यूडी और एनएच के अधिकारी नियमित रूप से सड़कों का निरीक्षण करें। क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए।
3. **जागरूकता अभियान** बगैर हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा का पालन, मोबाइल पर बात करते हुए और नशे में वाहन न चलाने को लेकर लोगों को जागरूक किया जाए। स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाए।
4. **अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई** सड़कों पर अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और यातायात में बाधा डालने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसपी गुप्ता ने कहा कि यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, साथ ही जागरूकता भी जरूरी है।

स्व. माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

श्री राम परिसर में बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता स्वर्गीय श्री माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने स्वर्गीय माधवराव सिंधिया के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा(बबलू भैया),भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमना सेन, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दातार सिंह मीणा,भाजपा के मंडल अध्यक्ष



वीर सिंह लोधी, मेला समिति अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वीर सिंह पटेल,राज मीणा, राजेंद्र सिंह राठौड़ 'राजू भैया', अंशुल शर्मा, भगवानदास लोहट, एल्डरमैन जगदीश अहिरवार, विश्वास रैकवार, लीलाकिशन मीणा, गोविंद महाराज, हर्ष पटेल, विकास लोहट, विवेक लोहट, राधेश्याम अहिरवार, बबलू चौधरी, राहुल कुशवाह, प्रदीप गढ़वाल आदि मौजूद रहे।